**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 10 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

**केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी परिषद ने दो प्रमुख मंत्री समूहों का गठन करने का निर्णय लिया है। इनमें से एक समूह चिकित्सा और जीवन बीमा संबंधी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर काम करेगा और दूसरा मुआवजा उपकर के लिए रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद की नवंबर में होने वाली अगली बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा संबंधी नए मंत्री समूह की सिफारिशों पर विचार किया जाएगा। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि यह मंत्री समूह अगले महीने के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित बीमा मामलों, जीवन बीमा, सावधि जीवन बीमा, और समूह बीमा पर भी विचार करेगा।इस बीच जीएसटी परिषद की कल नई दिल्ली में हुई।बैठक में कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है । बैठक के बाद वित्त मंत्री ने बताया कि अनुसंधान और विकास के लिए दी गई धनराशि को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है ।**

*************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नामांकन दाखिल करने से पहले लाडवा अनाज मंडी में नामांकन रैली को संबोधित किया।रैली में भारी जनसमूह को संबोधित करने के बाद उन्होंने अनाज मंडी से एक रोड शो भी निकाला ।मुख्यमंत्री ने आज सुबह लाडवा में अपने कार्यालय का उद्घाटन भी किया। और आज लाडवा विधानसभा से नामांकन भरने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह थानेसर पहुंचेगे और यहां पर वह राज्य मंत्री सुभाष सुधा का नामांकन दाखिल कराएंगे ।

*************************************************************

पूर्व मंत्री प्रोफेसर छत्तर पाल सिंह भारतीय जनता पार्टी छोड़ कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। आम आदमी पार्टी ने उन्हें बरवाला से टिकट दिया है।

प्रोफेसर छत्तर पाल सिंह उप प्रधानमंत्री ताऊ देवी लाल को हरा कर चर्चा में आये थे। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी थी।

*****************************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी और आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम गठबन्धन ने **12** उम्मीदवारों की नई सूची जारी की है।इस सूची में जननायक जनता पार्टी ने **10** और आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम ने दो उम्मीदवार घोषित किए हैं। जननायक जनता पार्टी ने पंचकूला से सुशील गर्ग, अंबाला छावनी से अवतार करधान, पहेवा से डॉ सुखविंदर कौर, कैथल से संदीप गढ़ी और गन्नौर से अनिल त्यागी को चुनाव मैदान में उतारा है।वहीं सफीदों से सुशील बैरागी, गढ़ी सांपला किलोई से एडवोकेट सुशीला देशवाल, पटौदी से अमरनाथ, गुड़गांव से अशोक जांगड़ा और फिरोजपुर झिरका से जान मोहम्मद को टिकट दी गई है।आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने अंबाला शहर से पारुल नागपाल और नीलोखेड़ी से करण सिंह भुक्कल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

*****************************************************************

आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है।पार्टी ने साढौरा से रीटा बामनिया, थानेसर से कृष्ण बजाज, इंद्री से हवा सिंह, रतिया से मुख्तयार सिंह बाजीगर और आदमपुर से एडवोकेट भूपेंद्र बेनीपाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है जबकि बरवाला से प्रो. छत्रपाल सिंह, बावल से जवाहर लाल, फरीदाबाद से प्रवेश मेहता और तिगांव से अबाश चंदेला को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

*****************************************************************

पेरिस **पैरालंपिक** से भारतीय दल स्वदेश लौट आया है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ भारतीय दल का शानदार स्वागत किया गया।देश के लिए यह एक उल्लेखनीय अभियान रहा, जिसमें भारतीय दल ने **7** स्वर्ण, **9** रजत और **13** कांस्य सहित कुल **29** पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल सायं जींद के सफीदों में म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा रैली में कांग्रेस पर जमकर हमले किए। उन्होंने कांग्रेस पर झूठ बोलने का का आरोप लगाया । दीपेंद्र हूड्डा को निशाने पर लेते हूए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि दीपेंद्र हूड्डा का हिसाब मांगना उल्टा चोर कोतवाल को डांटने जैसा है। कांग्रेस के शासनकाल का सारा हिसाब जनता जानती है कि कांग्रेस ने किस तरह से भ्रष्टाचार की चरम सीमा को पार किया था । उन्होंने दावा किया कि 8 तारीख को भारतीय जनता पार्टी बहूमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का यह विधानसभा चुनाव कोई आम चुनाव नहीं, बल्कि हरियाणा में आने वाली खुशहाली की कहानी को लिखने वाला चुनाव है।रैली में बोलते हूए नायब सैनी ने कहा कि दो महीनों के कार्यकाल का मैने एक-एक घंटे का हिसाब दिया है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने बिना भेदभाव किए हरियाणा का विकास किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करने का खेल खेल रहे हैं, लेकिन हरियाणा की जनता जागरूक है उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी एकजुट होकर बी जे पी प्रत्याशी राम कुमार गौतम को बड़े अंतर से विजयी बनाने का आहवान किया।